सत्रारम्भ : आधार रेखा आकलन

सत्र : ....

विषय : हिन्दी

कक्षा : 5

शाला का नाम : -- दिनांक : -----------------

विद्यार्थी का नाम : -- रोल नं. : ---------------------

(I) पठन–कौशल

1. नीचे दिए गए शब्दों के जोड़ों में से सही शब्द पर (√) का निशान लगाइए – (मात्रायुक्त शब्दों की सही पहचान कर पाना)

अ) जयादा / ज्यादा
ब) ढरपोक / डरपोक
स) इस्टेशन / स्टेशन
द) गुल्लक / गुललक
य) नीदर्यता / निर्दयता
र) अंगढाई / अँगड़ाई

2. नीचे दिए गए शब्दों के तुकबन्दी वाले शब्द लिखिए– (शब्द व ध्वनी के मध्य सहसंबंध को समझ पाना।)

अ) कटोरी ....

ब) तुम्हारा ....

स) छक्के ....

द) कर्म ....

3. नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में जमाकर वाक्य लिखिए – (वाक्य संरचना को समझ पाना)

(अ) आग / तरह / बात / की / गाँव / सारे / फैल / में / गई

....

(ब) रहा / एक / गाँव में / करते / मौलवी / थे / एक

....

4. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

एक घने जंगल में एक बकरी और एक बकरा रहा करते थे। उनका एक छोटा सा बच्चा था। जंगल में बहुत सारे पत्ते और झाड़ियाँ थीं। उसी जंगल में एक खतरनाक चीता भी रहा करता था। वहाँ पर और भी चालाक व धूर्त जानवर रहते थे। हर सुबह बकरा–बकरी खाने की तलाश में बाहर निकल जाते, जबकि छोटा बच्चा गुफा में ही रहता था। बच्चा बाहर की दुनिया देखना चाहता था मगर उसके माता–पिता उसे ऐसा करने से रोकते थे।

एक दिन चिलचिलाती हुई दोपहर में, बच्चा गुफा से बाहर जंगल को देखने के लिए आ गया। उसने बहुत सारे पेड़ और झरने देखे।

(अ) जंगल में कौन सा खतरनाक जानवर रहता था ?

....

(ब) बच्चा क्या देखना चाहता था ?

....

(स) इस कहानी का नाम (शीर्षक) लिखिए।

....

(द) बच्चा बाहर की दुनिया क्यों देखना चाहता होगा? अपने विचार लिखिए।

....

5. **नीचे दिए गए अनुच्छेद में से चार प्रश्न बनाकर लिखिए –**

प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। सूर्य हमें प्रकाश और गरमी देता है। सूर्य ही वर्षा करता है, जिससे तरह–तरह की वनस्पतियाँ पैदा होती हैं। सूर्य ही अन्न को पकाता है और फलों में रस भरता है। चन्द्रमा हमें शीतलता देता है, तापमान को कम करता है।

(अ) ....

(ब) ....

(स) ....

(द) ....

6. **दी गई पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (√) का निशान लगाइए–**

नहीं सूर्य से कहता कोई
धूप यहाँ पर मत फैलाओ,
कोई नहीं चाँद से कहता
उठा चाँदनी को ले जाओ।

कोई नहीं हवा से कहता
खबरदार जो अंदर आई,
बादल से कहता कोई
क्यों जलधार यहाँ बरसाई?

अ) सूर्य से कोई भी क्या नहीं फैलाने को कहता है ?

1. धूल 2. गंदगी 3. धूप 4. छाया

ब) चाँदनी को कोई किससे नहीं लाने को कहा जाता है ?

1. सूरज 2. तारे 3. बादल 4. चन्द्रमा

स) हवा के लिए क्या नहीं कहा जाता है?

1. जलधार 2. खबरदार 3. हवादार 4. धूपदार

द) जलधार किसके लिए कहा गया है?

1. नल के लिए 2. बिजली के लिए 3. बादल के लिए 4. चाँद के लिए

(II) लेखन–कौशल

7. चित्र देखकर नाम लिखिए –





....





....

8. दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –

(अ) यदि आपको चन्दा मामा मिल जाए तो आप उससे क्या बात करेंगे? लिखिए–

....

....

....

....

(ब) अपने पसंद के खेल का नाम लिखकर उसके खेलने का तरीका भी लिखिए।

....

....

....

....

9. चित्र देखकर एक कहानी लिखिए –



....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

(III) व्याकरण–कौशल

10. दिए गए प्रश्नों के अनुसार सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए –

अ) खुश होना के लिए मुहावरा होता है –

1. हाथ–पैर फूलना   2. फूला न समाना

ब) 'आँखों का तारा' होना मुहावरे का अर्थ है –

1. सबसे प्यारा होना   2. आँख में तारे लगाना

स) दौड़ लगाना है –

1. विशेषण   2. संज्ञा   3. क्रिया   4. सर्वनाम

द) **राची और बीना कार .... बैठकर आये हैं।**

(अ) मैं   (ब) ने   (स) में   (द) से

11. निम्न वाक्यों में लिंग बदलकर लिखिए –

अ) लडकियाँ गा रही हैं और.................................... नाच रहे हैं।

ब) आदमी हल चला रही है और .... बीज डाल रही हैं।

जाँचकर्ता टिप्पणी...

....

....

....

नाम, मोबाइल एवं हस्ताक्षर   दिनांक : ....